संवाद

BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

अप्रैल - 2020

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

सीईओ संदेश

प्रिय उपभोक्ता,

कोराना वायरस के फैलाव की वजह से आज दुनिया एक बहुत ही अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रही है। इस अभूतपूर्व परिस्थिति से मुकाबले के लिए दुनिया अभूतपूर्व रेस्पॉन्स भी दिखा रही है।

हमारे जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। लेकिन, दुनियाभर की सरकारें कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए कई कदम उठा रही हैं। चूंकि यह एक कम्युनिटी डिजीज है, इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग हमारे पास सबसे बेहतर उपाय है। पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखने के अलावा, खुद को सुरक्षित रखने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग ही फिलहाल सर्वाधिक प्रभावी उपाय नजर आ रहा है।

बीवाईपीएल में हम सेफ्टी को काफी गंभीरता से लेते हैं। सरकार के कंटेनमेंट मीजर्स पर अमल करते हुए तथा अपने उपभोक्ताओं और कर्मचरियों की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए हम कम मैनपावर के साथ काम कर रहे हैं। हमने अपनी कुछ गैर–आवश्यक सेवाओं में भी कमी की है।

लेकिन, आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप हमारी कई सेवाएं हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से हासिल कर सकते हैं, जैसे बीएसईएस वेबसाइट, मोबाइल ऐप, फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सऐप, एसएमएस और कॉल सेंटर।

बीवाईपीएल की ओर से मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करें और सुरक्षित रहें। टीम बीवाईपीएल चौबीसों घंटे और सातों दिन आपकी सेवा में उपलब्ध है, ताकि आपको गुणवत्तायुक्त और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

स्टे इनडोर्स, स्टे सेफ, स्टे हेल्दी।

आपका,

पी. आर. कुमार

कोराना वायरसः सावधानी बरतें, घर बैठे उठाएं बीवाईपीएल सेवाओं का लाभ

घर बैठे करें बिल का भुगतानः

बिजली के बिल का भुगतान अत्यन्त आसान है! नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट काड्र्स, पेटीएम व फोन पे जैसे मोबाइल वॉलेट्स, आदि अत्याधुनिक डिजिटल पेमेंट विकल्पों के माध्यम से आप कहीं से भी और कभी भी अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं। मोबाइल ऐप से भी आप बिल भुगतान कर सकते हैं।

वर्चुअल कनेक्ट पॉइंट्सः

बीएसईएस मोबाइल ऐप

24x7 हेल्प लाइन नंबर	–	19122 (टोल फ्री)
आग/करंट से संबंधित शिकायत	–	011–41999808
ईमेल आईडी	–	bypl.customercare@relianceada.com
वेबसाइट	–	www.bsesdelhi.com

वॉट्सऐप सुविधा

- **वॉट्सऐप पर पाएं बिजली का बिलः** वॉट्सऐप पर अपने बिल की कॉपी पाने के लिए टाइप करें # Bill स्पेस दें, फिर 9 अंकों का अपना सीए नंबर डालें और उसे हमारे वॉट्सऐप नंबर 8745999808 पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से भेज दें।
- **बिजली गुल की शिकायतः** टाइप करें # NC स्पेस दें, फिर 9 अंकों का अपना सीए नंबर डालें और उसे हमारे वॉट्सऐप नंबर 8745999808 पर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से भेज दें।

स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट के लिए बीवाईपीएल सम्मानित

हाल में संपन्न हुए इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम (आईएसजीएफ) स्मार्ट इनोवेशन अवॉड्र्स में बीवाईपीएल को एक प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बीवाईपीएल को अपने "ग्रिड कनेक्टेड स्मार्ट एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विद सोलर रूफटॉप माइक्रोग्रिड" के लिए बेस्ट स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट इन इंडिया बाय युटिलिटी का *'प्लैटिनम'* अवॉर्ड दिया गया।

आईएसजीएफ स्मार्ट युटिलिटी वीक 2020 के दौरान आयोजित इन अभिनव पुरस्कारों के चौथे संस्करण का निर्णय एक नामी व प्रमुख ज्यूरी द्वारा लिया गया। ये पुरस्कार स्मार्ट ग्रिड और स्मार्ट सिटी डोमेन्स में नवीन प्रयोगों व कार्यों को पहचान देते हैं।

गर्मियों के लिए बीएसईएस पूरी तरह तैयार

इस साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7850 मेगावॉट के पार जाने का अनुमान है। पिछले साल, यह आंकड़ा 7400 मेगावॉट था, जो राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की अब तक की सर्वाधिक मांग थी। बीएसईएस ने बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। इन इंतजामों में लंबी अवधि के पावर परचेज अग्रीमेंट्स के अलावा दूसरे राज्यों से पावर बैंकिंग व्यवस्था भी शामिल है।



फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़ूमा, दिल्ली–110032

सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525

फोनः 11–4124–7111/4124–9273

ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com,

वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

App Store | Android Market

टॉल फ्री 24x7
19122

एसएमएस
5616108

बिजली चोरी संबंधी
8588892156

बिजली गुल की शिकायत
8745999808

स्ट्रीटलाइट
41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित